**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 193 /16/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/12-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 27 अगस्त, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2026, वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/13 के अंतर्गत कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक के कुल रिक्त 708 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 30.06.2026 तथा आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 20.07.2026 थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक पद पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम/ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-ए-68706/2015, ललित कुमार प्रति उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक के कुल रिक्त 708 पदों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट 19692 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कट-आफ अंक मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। तदनुसार लम्बवत आरक्षण के अंतर्गत अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु कट-आफ 69.66 अंक तथा अनुसूचित जाति श्रेणी हेतु कट-आफ 62.10 अंक व अनुसूचित जनजाति श्रेणी हेतु कट-आफ 56.36 अंक निर्धारित हुआ है एवं क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत निर्धारित कट-आफ अंक निम्नवत है-

| क्र0सं0 | क्षैतिज श्रेणी | कट-ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 47.59 |
| 2 | दिव्यांगजन | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 3 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 34.72 |
| 4 | महिला | 66.16 |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | 45.12 |

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2026, वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/13 के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 19692 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

27.8.26

(हरिकेश चौरसिया)

सचिव।